**पर्व** ▶ सजे शिवालय, मंदिरों में दिनभर होंगे विशेष आयोजन

# महाशिवरात्रि पर गूंजेगा 'बम-बम भोले'



**नवभारत, जबलपुर।** आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहरभर में भक्ति और उल्लास का वातावरण रहेगा। सुबह से ही मंदिरों में 'बम-बम भोले' के जयकारे गूंजेंगे। श्रद्धालु भगवान शंकर के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

### मंदिरों में हुई आकर्षक सजावट

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। सुबह से ही दुग्धाभिषेक और विशेष पूजन का क्रम शुरू होगा। घरों में भी श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कई लोग इस दिन व्रत रखकर भगवान की आराधना करेंगे।

### विधि-विधान से होगा अभिषेक

महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का पारंपरिक रीति से अभिषेक किया जाएगा। सबसे पहले शुद्ध जल से स्नान कराकर दूध, दही, शहद, घी और शक्कर से पंचामृत अभिषेक होगा। इसके साथ पंचमेवा, भस्म, गुलाल, धतूरा और बेलपत्र अर्पित किए जाएंगे। श्रद्धालु भांग चढ़ाकर प्रसाद का भोग भी लगाएंगे।


## शिव संदेश शोभा यात्रा का शुभारंभ

महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव संदेश शोभा यात्रा का शुभारंभ



विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज और ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने शिव ध्वज दिखाकर किया। यह यात्रा शिव वरदान भवन, कटंगा कॉलोनी से प्रारंभ होकर घड़ी चौक और विजयनगर स्थित ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र तक निकाली गई। इस अवसर पर विनीता दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मपरिवर्तन और आध्यात्मिक जागृति का पर्व है, जो हमें श्रेष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। विधायक अशोक रोहाणी और नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी और आध्यात्मिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। यात्रा के आयोजन में पूजा, मधु, सुनीता, संतोष, शुभम, संतोष, हर्षित और दिनेश का योगदान रहा।

## पूर्व संध्या पर हुआ शिव मंदिर का पुन: लोकार्पण



सदर स्थित महावीर कम्पाउण्ड में महावीर कम्पाउण्ड विकास समिति द्वारा महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिव मंदिर का भव्य पुन: लोकार्पण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह 11 बजे से शिव पूजन एवं अभिषेक हुआ, वहीं सायं 6 बजे से शिव भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी रहे। इसके साथ ही भजन संध्या में शिव-पार्वती विवाह, शिव मशान होली तथा राधाकृष्ण वृंदावन होली की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर महिला मंडल एवं दुर्गा उत्सव समिति का सम्मान भी किया गया। आज महाशिवरात्रि पर सायं 7 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। केंट के पूर्व पार्षद राजेन्द्र अजय पदम ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर सीताराम कुरचानिया, अजय पदक, बच्चू परोंबी, अनिल महावर, राजेश कुशवाहा, अजय जायसवाल, शिवकांत केशरवानी, संजय अग्रवाल, श्याम गुप्ता, रजक, अंजय दिगोने, विनीत रजक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## महालक्ष्मी धाम में रुद्राभिषेक आज



आज व्हीकल फैक्ट्री परिसर महालक्ष्मी धाम में विशाल शिवलिंग का रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। पंडित वच्चन शुक्ला के द्वारा एवं विद्वान पंडितों के द्वारा यह रुद्राभिषेक आयोजित किया जाएगा। समस्त श्रद्धालूजनों से सम्मलित होकर पुण्यालाभ अर्जित करने आग्रह किया है।



# वेदी प्रतिष्ठा पर निकली विशाल जिनवाणी पालकी यात्रा

▶ **सकल जैन समाज ने किया आत्मीय अभिनंदन - आज होगा तिलक महोत्सव**

**नवभारत, जबलपुर।** श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय के निमित्त चल रहे रत्नत्राय महोत्सव वेदी प्रतिष्ठा के द्वितीय दिवस सम्यक ज्ञान की आराधना कर सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के साथ वेदी सूतन कर्ता रामडिम मूरी परिवार ने विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लेकर धर्माराधना की। मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया प्रात: काल की मंगल बेला पर सभी ने मंत्र जप के साथ दिन का शुभारंभ किया पश्चात मंदिर विधि के माध्यम से देव - शास्त्र - गुरु - भगवन्तों की आराधना कर दान प्रभावना की गई। जिसमें गुरु भाइयों ने अपूर्व उत्साह दिखाया और स्वर्ण कलशों सहित ध्वजारोहण की बोली लेकर अपनी चंचल लक्ष्मी का सदुपयोग किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक लखन घनघोरिया, अभिलाष पांडे, अशोक रोहानी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भाई, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, विनय सक्सेना सहित अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए चैत्यालय के मार्ग को संत तारण तरण मार्ग एवं एक चौंक को तारण तरण चौंक बनाने की घोषणा की जिसके लिए समाज ने उनका अभिनंदन किया।

### ये रहे सौभाग्यशाली

राजू जैन परासिया ने बताया कि मूल बेदी का मुख्य कलश नाथूराम, धन्य कुमार, शरद कुमार पुखराज परिवार ने चढ़ाया, एक नंबर बेदी का मुख्य कलश अरविंद कुमार, हेमंत कुमार समैया ने, दो नंबर बेदी का मुख्य कलश अनिल कुमार मुकेश कुमार दिगंबर परिवार, मुख्य शिखर का मुख्य कलश नाथूराम धनकुमार पुखराज परिवार ने, एक नंबर शिखर का मुख्य कलश समाज शिरोमणि विकास कुमार आकाश कुमार सुमैया खुरई ने, दो नंबर शिखर का मुख्य कलश राकेशकुमार, मनोज मंटू, स्वतंत्र जैन बाबू साहब कुंडा वाला परिवार द्वारा चढ़ाया गया वहीं मंदिर के शिखर का स्वर्ण पॉलिश युक्त धर्मध्वज जिनेंद्र कुमार, आशीष कुमार, जतिन, केतन समैया भगतजी परिवार द्वारा समर्पित किया गया। रात्रि में सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद उस्मानपुर दिल्ली से उधारे जैन भजन गायक संजीव जैन के सुमधुर भजनों से समवशरण मंडप गुंजायमान हो उठा अपार जनसमुदाय ने नृत्यगान कर आनंद उत्सव मनाया।

## चल समारोह में दिखा अपूर्व उत्साह

ऐतिहासिक चल समारोह में रजत पालकी एवं रथ में मां जिनवाणी के साथ सौभाग्यशाली परिवार द्वारा बग्गियों में स्वर्ण कलश एवं धर्मध्वजाओं के साथ साथ मंगलगान करते हुए नगर का भ्रमण किया ओर जिनशासन की मंगल प्रभावना की, जिसमें बड़ी संख्या में जैन बंधुओं सहित शरद जैन पूर्व विधायक, पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश जैन के साथ अनिल जैन गुड्डा आदि जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। नगर भ्रमण करते हुए चल समारोह श्री तारण तरण चैत्यालय शुक्रवारी बजरिया पहुंचा जहां सौभाग्यशाली परिवार ने कलशारोहण कर धर्मध्वजा फहराई।

### एक नजर में

## रक्तवीरों ने किया रक्तदान



**नवभारत, जबलपुर।** शनिवार को कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी जबलपुर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक की ब्लड कलेक्शन ट्रांसपोर्ट वैन में डॉ अमिता जैन एवं टीम द्वारा गोहलपुर थाना परिसर में रक्त संग्रह किया गया जिसमें टीआई श्रितेश पांडे एवं आरक्षकों द्वारा 11 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।



## स्टार्टअप का माध्यम बनी जैविक कृषि

**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल कॉलेज में आयोजित जैविक कृषि आधारित स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का गरिमामय समापन हुआ। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने युवाओं को पारंपरिक खेती से हटकर जैविक उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के समापन सत्र को संबोधित करते हुए संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में देश-दुनिया में जैविक उत्पादों की मांग में भारी उछाल आया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जैविक खेती अब महज जीवन निर्वाह का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के लिए स्टार्टअप और स्वरोजगार का एक बड़ा क्षेत्र बनकर उभरी है। यदि युवा इस क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हैं, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि समाज को स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण देने में भी योगदान देंगे। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं को उद्यमिता की दिशा में ठोस आधार प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक डॉ. प्रज्ञा रामगिरी एवं डॉ. संज्ञा सिंह ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान दिया। प्रशिक्षणार्थियों ने बीज उपचार, पोषक तत्व प्रबंधन और कीट नियंत्रण की बारीकियों को सीखा। विशेष रूप से विद्यार्थियों ने स्वयं जीवामृत, नीमास्त्र, घनजीवामृत, बीजामृत और ट्राइकोडर्मा जैसे जैविक उर्वरक तैयार करने का अभ्यास किया। समापन अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले लगभग 35 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## बंगाली क्लब का टाइम कैप्सूल वैश्विक अभिलेखों में शामिल

**नवभारत, जबलपुर।** बंग भाषियों की प्राचीन एवं प्रमुख संस्था सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब द्वारा स्थापित टाइम कैप्सूल



(काल पात्र) को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। संस्था द्वारा स्थापित इस टाइम कैप्सूल को आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय टाइम कैप्सूल सोसायटी के वैश्विक अभिलेखों में पंजीकृत किया गया है।अंतरराष्ट्रीय टाइम कैप्सूल सोसाइटी अमेरिका के सह संस्थापक मिस्टर एड्रियन वाटरमैन द्वारा जारी प्रमाणपत्र संस्था को कल ईमेल से प्राप्त हुआ ।टाइम कैप्सूल को भूमिगत करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया को उनके निर्देशन में सम्पूर्ण कराया गया था संस्था के सचिव प्रकाश साहा ने बताया कि यह टाइम कैप्सूल समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक धरोहर को भावी पीढ़ियों तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। अब अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने से यह पहल न केवल शहर बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गई है।

**सांस्कृतिक एकजुटता का है प्रमाण** -इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष सुब्रत पाल, उपाध्यक्ष श्यामल मुखर्जी, डी के रॉय, सुरजीत गुहा, अनुराग पाल, आशीष घोष, आर एन दत्ता, आशीष सेन, शेखर डे, तापस चक्रवर्ती, विश्वजीत घोष, नीलाद्री चटर्जी, आई बी रुद्रा , मुकुल घोष, मितुंजय पाल, संगीता भद्रा, सुब्रत रॉय, विजय भट्टाचार्य एवं समस्त सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता संगठन की एकजुटता, दूरदृष्टि और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने भी सिटी बंगाली क्लब को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है। यह उपलब्धि जबलपुर के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# भगवान शिव, विष्णु, ब्रह्मा, राम और कृष्ण सभी एक ही हैं

**साकेतधाम में 22वां पाटोत्सव पर शिव, राम और कृष्ण के तत्व की एकता पर संतों का प्रवचन**



**नवभारत, जबलपुर।** गौरीघाट स्थित साकेतधाम में आयोजित श्री रामेश्वरम महादेव के 22वें पाटोत्सव में संतों ने भगवत तत्व और भक्ति पर प्रेरक उद्गार व्यक्त किए। स्वामी मुक्तानंद ने कहा कि भगवान शिव, विष्णु, ब्रह्मा, शक्ति, राम और कृष्ण सभी एक ही परमात्मा हैं, केवल नाम-रूप का भेद है। पंडित उमाशंकर शर्मा व्यास ने शिव पशुपति के रूप में सभी जीवों के देवता होने का वर्णन किया और कहा कि उनके विवाह में सभी जीव और भूत-पिशाच भी उपस्थित थे। स्वामी गिरिशानंद सरस्वती ने वैराग्य और भक्ति के संबंध पर कहा कि कुछ लोगों में वैराग्य के पश्चात भक्ति का उदय होता है, जबकि कुछ में भक्ति के बाद ही वैराग्य जीवन में आता है। विशिष्ट व्यक्तित्व अलंकरण में न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी को सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉ. बृजेश दीक्षित और पंडित रोहित दुबे, स्वस्तिवाचन पंडित सौरभ दुबे ने किया। संत विद्वानों का स्वागत जस्टिस विशाल धगट, जस्टिस डीडी बंसल, पूर्व जस्टिस संजय द्विवेदी, कैलाश गुप्ता, अशोक टेकड़ीवाल, राजेश केडिया, उमंग गोयल, विश्वमोहन बाबू, सुनयना पटेरिया, सौरभ बड़ेरिया, सुनील मिश्रा आदि ने किया।

## 19 को रवाना होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की ट्रेन


**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर से वरिष्ठ नागरिकों को रामेश्वरम-मदुरई की तीर्थ यात्रा पर लेकर जाने वाली स्पेशल ट्रेन 19 फरवरी को मुख्य रेल स्टेशन से रवाना होगी। कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीर्थ यात्रियों को रामेश्वरम-मदुरई लेकर जाने वाली विशेष ट्रेन 19 फरवरी की दोपहर 1 बजे जबलपुर रेलवे स्टेशन आयेगी और दोपहर 1.50 बजे प्रस्थान करेगी। चयनित यात्रियों से 18 फरवरी तक उसी कार्यालय से टिकिट प्राप्त करने के लिये संपर्क करने का आग्रह किया गया है, जहाँ उन्होंने अपने आवेदन जमा किये थे। तीर्थ यात्रियों से यात्रा पर मूल आधार कार्ड साथ में ले जाने का अनुरोध भी किया गया है।



## शिविर में हुआ 250 से अधिक लोगों का नि:शुल्क परीक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय की एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के प्रसिद्ध दंत रोग डॉ अंशुल गुलाटी एम डी एस पेरियोडोंटिस्ट और इम्प्लांटोलॉजिस्ट एवं डॉ परमजीत छावड़ा एम डी एस पेरियोडोंटिस्ट और इम्प्लांटोलॉजिस्ट विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर के दौरान 250 से अधिक लोगों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयाँ एवं टूथपेस्ट किट वितरित किए गए। यह शिविर महाविद्यालय के डायरेक्टर चमन श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह एवं प्राचार्या डॉ. सोनल खरे एवं स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनाक्षी सेतिया खुराना एवं समस्त स्टाफ का सहयोग सराहनीय है ।

## इबादत और रहमतों के महीने रमज़ान की तैयारियां तेज



**नवभारत, जबलपुर।** पाक माह रमजान मुबारक की आमद के मद्देनज़र शहर में तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत, मौलाना, डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी ने अपने बयान में बताया कि आगामी 18 फरवरी, मुताबिक 29 शाअबान, को रमज़ान शरीफ का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। चाँद दिखाई देते ही रोज़ों एवं तरावीह जिसमें हाफिज़ साहिबान पवित्र कुरान शरीफ का मुखाग्र पाठ करते है और यही सिलसिला एक महीने के लिए शुरू हो जाएगा। मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश और मुस्लिम समाज ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगर निगम से अपील की है कि मस्जिदों के आसपास और मुस्लिम बस्तियों में साफ-सफाई, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम सुनिश्चित किए जाएँ। रमज़ान के दौरान अलसुबह सेहरी के साथ रोज़े की शुरुआत होती है। दिनभर रोज़दार सब्र और इबादत में वक्त गुज़ारते हैं। शाम को नमाज़-ए-मग़रिब के वक्त अफ़तार किया जाता है। मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ का भी विशेष एहतमाम होता है। रमज़ान के आगमन से मुस्लिम बस्तियों में रौनक बढ़ने लगी है।

# एआई समाधान तथा सहजीवी बुद्धिमत्ता रूपरेखाओं पर चर्चा

▶ **आईआईआईटीडीएम में अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइन वर्कशॉप का समापन**




**नवभारत, जबलपुर।** पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिज़ाइन एवं विनिर्माण संस्थान, जबलपुर (आईआईआईटीडीएम) द्वारा जापान के विदेश मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 10वीं अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइन वर्कशॉप डिव 10.0' का वैलेडिक्टरी सत्र के साथ सफल समापन हुआ। तीन दिनों तक इंडस्ट्री 5.0 में सहजीवी कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर गहन विचार-विमर्श के बाद यह कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला के अंतिम दिन विशेषज्ञ सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें स्केलेबल और वास्तविक जीवन में लागू किए जा सकने वाले एआई समाधान तथा सहजीवी बुद्धिमत्ता रूपरेखाओं पर चर्चा की गई। दिन का प्रथम सत्र सेल्सफोर्स, सैन फ्रांसिस्को (यूएसए) के एआई डिलीवरी डायरेक्टर एर. के. सी. लक्ष्मीनरसिम्हम द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात स्टीलआई के सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं आईआईआईटीडीएम के पूर्व छात्र एर. राजेश्वर अग्रवाल ने उद्योग जगत से जुड़े सहजीवी एआई के केस स्टडी प्रस्तुत किए। वैलेडिक्टरी सत्र में डिव 10.0 के प्रमुख निष्कर्षों पर विचार किया गया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और एआई-सक्षम डिज़ाइन एवं विनिर्माण के समकालीन चुनौतियों के समाधान में इस कार्यशाला की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। तीन दिवसीय डिव 10.0 में गूगल, लिंक्डइन, सेल्सफोर्स, हिताची, ईवाई, ईपैम सिस्टम्स, बोरज़ोई एआई इंक. और आरईसी लिमिटेड जैसी वैश्विक संस्थाओं के प्रतिष्ठित वक्ताओं के साथ-साथ प्रमुख शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के विशेषज्ञों ने सहभागिता की। कार्यशाला में छात्र डिज़ाइन प्रदर्शनी, विशेषज्ञ पैनल चर्चा और संवादात्मक सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिज़ाइन नवाचार के नवीनतम विकासों का मूल्यवान अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ, जिससे उनकी सक्रिय सहभागिता और कार्यक्रम की सफल पूर्णता को मान्यता दी गई।

**शिविर** ▶ माता गुजरी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर

# नुक्कड़ नाटक एवं श्रमदान से ग्रामीणों को किया जागरूक



**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम कुकरीखेड़ा में सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा एवं प्राचार्य डॉ. संगीता झांब के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना सिंह व डॉ. सविता पहारिया के नेतृत्व में हुआ। स्वयंसेवकों ने रैली, नारे, नुक्कड़ नाटक एवं श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, बाल विवाह, बाल संरक्षण, जल संरक्षण, मतदान के महत्व, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल साक्षरता जैसे विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया। शिविर के दौरान रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ओपन यूनिट के समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा एवं डॉ. देवांशु गौतम ने टीम सहित उपस्थित होकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में गुरु गोविंद सिंह खालसा एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह बंसल, सचिव सरदार जितेन्दर सिंह सैनी एवं कोषाध्यक्ष सरदार तजिंदर सिंह गुल्डू ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना सिंह ने शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों नैंसी बैन, खुशी सोनकर, अंजली गुप्ता, प्राची, नीलम, वैशाली, रोमा, रेशमा, मुस्कान, सेजल व कशिश सहित सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इनका रहा सहयोग**

शिविर के सफल संचालन में एसीएस महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जी.एम. चंडोक, खालसा फार्मेसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोपाल राय, खालसा इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राज मेहता, सरदार इंद्रपाल सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. प्रभा पहारिया, डॉ. सपना श्रीवास्तव, श्री प्रदीप सेन, देवेश अवस्थी एवं कु. शिवाली शर्मा का विशेष सहयोग रहा।




## भिक्षु मुक्त शहर बनाने दीनबंधु अभियान कर रहा जागरूक

▶ **नगर निगम और प्रशासन के सहयोग से नागरिकों ने बढ़ाया हाथ**

**नवभारत, जबलपुर।** भिक्षु मुक्त शहर बनाने और निराश्रित व अक्षम लोगों के पुनर्वास के लिए चलाए जा रहे दीनबंधु अभियान के तहत माल गोदाम चौक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में लोगों को संदेश दिया गया कि दिव्यांग, बच्चे और वृद्धजन जो भीख मांगते हैं, उन्हें नकद पैसे न दें, बल्कि भोजन, कपड़े और पुनर्वास में मदद करें। विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं सचिव सी एस राजपूत के साथ संस्था के सदस्य पूरन बहादुर, आर डी यादव, चितरंजन बांग, पी एन बातरे, आर एस ठाकुर, सुदामा प्रसाद, राजेश मलिक, मलकीत सिंह, अशोक राजपूत, गंगाराम, अरुण दुबे, बी एस राजपूत, आर के व्यास, प्रेम नारायण बातरे, बी बी मोगा, के पी साहू, विजय यादव, अनूप मजूमदार, रूप कुमार उपस्थित रहे।